## प्रेस नोट दिनांक 09-05-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

### जनपद सिद्धार्थनगर में आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा 01 अभ्यस्त अपराधी की हिस्ट्रीशीट खोली गयी।

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत आज दिनांक 09-05-2023 को मारपीट/गोबध निवारण अधिनियम इत्यादि में संलिप्त 01 अभ्यस्त अभियुक्त के आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली गयी। जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत हिस्ट्रीशीट खोलने, गुण्डा एक्ट में कार्यवाही, गैंग पंजीकरण की कार्रवाई की जा रही है। जिसके अन्तर्गत अभियुक्त हमीदुल्लाह पुत्र कल्लु निवासी जबजौवा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध थाना डुमरियागंज पर हिस्ट्रीशीट खोली गई, जिन पर संबंधित थाना द्वारा निरंतर निगरानी रखी जायेगी।

## प्रेसनोट दिनांक 09-05-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।

### नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण को उनके कर्तव्यों व चुनाव संबंधी ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया।

आज दिनांक 09.05.2023 को नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत संजीव रंजन, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपदीय पुलिस बल, पैरामिलिट्री फोर्स व प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ बैठक किया गया। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट व थाना की अतिरिक्त मोबाईल क्यू0आर0टी0 और मतदान केन्द्रो पर ड्यूटी हेतु लगाये गये सशस्त्र पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के कर्मचारीगणों आदि को उनके कर्तव्यों व चुनाव सम्बन्धी ड्यूटी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया व नगर निकाय समान्य निर्वाचन-2023 की निर्देश पुस्तिका का वितरण किया गया | उक्त बैठक कार्यक्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़, क्षेत्राधिकारी इटवा, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज, क्षेत्राधिकारी बांसी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक, प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल, व जनपद के अन्य कर्मचारी/अधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रेसनोट दिनांक 09-05-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।

**मण्डलायुक्त बस्ती व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ गोष्ठी की गयी।**

श्री योगेशवर राम मिश्र, मण्डलायुक्त बस्ती, श्री आर0 के0 भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती, तथा संजीव रंजन जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 09.05.2023 को कलेक्ट्रेट परिसर में नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गोष्ठी के दौरान अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, समस्त उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोटःदिनांक 09.05.2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर

आज दिनांक 09.05.2023 को अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण व जयराम क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा सनई चौराहा,सिद्धार्थ तिराहा,पेट्रोल पंप तिराहा ,साड़ी तिराहा, पावरहाउस तिराहा, विवेकानंद बाईपास तिराहा आदि स्थानों पर पी0ए0 सिस्टम के माध्यम से आम जनमानस को यातायत नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवम सड़को पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 35 वाहनों से ₹36500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट- दिनांक - 09.05.2023 थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

**नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत थाना बांसी क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बांसी में थाना बांसी पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डोमिनेशन/रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में उपजिलाधिकारी बांसी व देवी गुलाम क्षेत्राधिकारी बांसी की उपस्थिति में आज दिनांक 09-05-2023 को अनुज कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा बांसी पुलिस व एस0एस0बी0 टीम के साथ कस्बा बांसी में राजेन्द्रनगर, नेहरुनगर, नरकटहा, रानीगंज, मंगल बाजार, सर्राफा बाजार पटेलनगर आदि स्थानो पर मय दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ एरिया डेमिनेशन / रुट मार्च / फ्लैग मार्च किया गया।

## प्रेस नोट- दिनाँक 09-05-2023 थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर

**मिशन शक्ति के तहत ग्राम चिल्हिया, कंदवा के महिलाओं एवं बालिकाओं को थाना चिल्हिया के महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा किया गया जागरूक।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में शिवधारी प्रभारी निरीक्षक थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 09.05.2023 को महिला बीट पुलिस अधिकारी म0का0 नीशू गुप्ता व म0का0 शोभा भारती द्वारा ग्राम चिल्हिया, रेलवे स्टेशन , कंदवा आदि स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उनके सम्मान एवं स्वालंबन मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओ, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो तथा साइबर अपराध की रोकथाम के बारे जानकारी दी गयी और शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन न0 -112,181,1076,1090,1098,102,108 आदि के बारे मे भी बताया गया।